पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने लालजी टण्डन के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

लखनऊ : 21 जुलाई, 2020

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने मध्य प्रदेश के राज्यपाल श्री लालजी टण्डन के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने अपने शोक संदेश में कहा है कि स्व0 लालजी टण्डन शालीन, मृदुभाषी एवं जमीन से जुड़े हुए व्यक्ति थे। पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी की लखनऊ सीट से चुनाव जीतकर सांसद बने तथा लखनऊ में उन्होंने अनेक विकास कार्यों को कराया। उन्हें राजनीति का लम्बा अनुभव था। राज्यपाल ने कहा कि श्री टण्डन के निधन से राजनीतिक जगत में अपूरणीय क्षति हुई है।

राज्यपाल ने आज उनके त्रिलोकनाथ रोड, हजरतगंज स्थित आवास पर पहुंचकर स्वर्गीय लालजी टण्डन के पार्थिव शरीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

ओ0पी0राय/राजभवन (208/12)

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानि र्भवति भारत।
अभ्युत्थानम धर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानि र्भवति भारत।
अभ्युत्थानम धर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥